Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding implementation of Pradhan Mantri Awas Yojana in Raipur Chhattisgarh.

**श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर) :** सभापति जी, माननीय प्रधानमंत्री जी की यह मंशा है कि पूरे देश में जिनके मकान कच्चे हैं या खपरे से बने हुए हैं, ‘प्रधानमंत्री आवास योजना’ के तहत उन लोगों के पक्के मकान बनें, लेकिन पिछले दो सालों से छत्तीसगढ़ के अंदर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हो रहे हैं। यहां तक कि छत्तीसगढ़ में 7,81,000 प्रधानमंत्री आवास लौटा दिए गए हैं और लगभग 11,000 करोड़ रुपये वापस चला गया है। केन्द्र सरकार के तीन नोटिसों के बाद मेरे राज्य के मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि इस योजना में जो प्रधानमंत्री शब्द जुड़ा हुआ है, इस कारण से हम उस स्कीम में अपना अंश नहीं देंगे।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि वह इसमें हस्तक्षेप करे और छत्तीसगढ़ के गरीब भाई-बहनों को न्याय दिलाए, ताकि उनके मकान बन सकें। वहां के लोगों की जो मंशा है, वह पूरी हो सके। मैं केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि वह इसमें तत्काल हस्तक्षेप करे और वहां पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करे।